लोक सभा अध्यक्ष बस्ती महोत्सव में शामिल हुए

बस्ती महोत्सव भारत की सांस्कृतिक विविधता का प्रतिनिधित्व करता है : लोक सभा अध्यक्ष

130 करोड़ देशवासियों के सामूहिक प्रयासों से ही भारत कोविड-19 की सामाजिक और आर्थिक चुनौतियों का सामना करने में सफल रहा: लोक सभा अध्यक्ष

हमारे लोकतंत्र का एक लंबा इतिहास रहा है। यह एक स्वतंत्रता पश्चात विकसित व्यवस्था नहीं है: श्री ओम बिरला

प्रत्येक नागरिक यह संकल्प करे कि वे जो भी करेंगे, राष्ट्र -निर्माण के लिए करेंगे और हमारे लोकतंत्र को और सशक्त और जवाबदेह बनाएँगे : लोक सभा अध्यक्ष

नई दिल्ली, 20 फरवरी 2011: बस्ती महोत्सव के दूसरे दिन लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला ने मुख्य अतिथि के रूप में इस अवसर की शोभा बढ़ाई।

इस अवसर पर बोलते हुए श्री बिरला ने कहा कि बस्ती महोत्सव भारत की सांस्कृतिक विविधता का प्रतिनिधित्व करता है। यह महोत्सव भारतीय कला, संस्कृति और अर्थव्यवस्था का संगम है। अध्यक्ष महोदय ने भगवान राम, गुरु वशिष्ठ और संत कबीर का स्मरण करते हुए बस्ती के इतिहास, संस्कृति और परंपरा का वर्णन किया। उन्होंने राजा जालिम सिंह, देवरहा बाबा, सुविख्यात लेखक और हिंदी साहित्य के इतिहासकार, श्री रामचंद्र शुक्ला द्वारा इस क्षेत्र की संस्कृति को सुदृढ़ करने में किए गए योगदान का उल्लेख किया।

श्री बिरला ने बस्ती के स्वतंत्रता सेनानियों का स्मरण किया जिन्होंने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में भाग लिया था। अध्यक्ष महोदय ने मातृभूमि की रक्षा के लिए बस्ती के वीर सेनानियों द्वारा किए गए संघर्ष और उनके पराक्रम की सराहना की।

इस अवसर पर लोक सभा अध्यक्ष ने भारत को आत्मनिर्भर बनाने के माननीय प्रधान मंत्री के विजन की भी सराहना की।

अध्यक्ष महोदय ने कहा कि यह महोत्सव एक सामाजिक-सांस्कृतिक समारोह होने के साथ ही हमारे उत्पादों को दर्शाने और उनके बाजार का विस्तार करने का सुअवसर भी है।
श्री बिरला ने यह भी कहा कि अन्य कई देशों की तुलना में भारत अपने 130 करोड़ लोगों के सामूहिक प्रयासों से ही कोविड 19 की सामाजिक और आर्थिक चुनौतियों का सामना करने में सफल रहा। अध्यक्ष महोदय ने कहा कि हमें अपने देश और लोकतन्त्र को सशक्त और सुदृढ़ करने का प्रण करना चाहिए।

लोक सभा अध्यक्ष ने कहा कि हमारे लोकतन्त्र का एक लंबा इतिहास रहा है और यह स्वतन्त्रता प्राप्त विकसित व्यवस्था नहीं है। कालावधि में हमारे लोकतन्त्र ने समाज के सभी वर्गों के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने का कार्य किया है। श्री बिरला ने यह अपील की कि प्रत्येक व्यक्ति को यह संकल्प करना चाहिए कि वह जो भी करेंगे, राष्ट्र-निर्माण के लिए करेंगे और अपने लोकतन्त्र को और सशक्त और जवाबदेह बनाएँगे।

पूर्व केंद्रीय मंत्री और वर्तमान सांसद, श्री राधा मोहन सिंह; संसद सदस्य, श्री जगदंबिका पाल, श्री रवि किशन, श्री हरीश द्विवेदी, श्री पंकज चौधरी और उत्तर प्रदेश के अनेक विधायक भी इस समारोह में शामिल हुए।